# सभी स्कूल पूरी प्रतिबद्धता के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की दिशा पर करें काम -कलेक्टर

- कलेक्टर डॉ. सिद्दकी ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक
- कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सारंगढ़ के कनकबीरा स्थित शासकीय स्कूल का किया औचक निरीक्षण

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज सारंगढ़ के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर करने के लिए अनेक विषयों पर बात की। उन्होंने हाल ही में जिले में स्कूलों की एक रिपोर्ट बनवाई थी, उक्त रिपोर्ट के आधार पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 108 स्कूलों में जिले के तीन ब्लॉक में से हर ब्लॉक के दो या तीन स्कूल ऐसे हैं जिनका रिजल्ट शत प्रतिशत है, लगभग 5-6 स्कूल ऐसे हैं जहां 90 प्रतिशत बच्चे पास होते हैं और इसके अलावा बहुत से स्कूल ऐसे हैं जहाँ का रिजल्ट 70 प्रतिशत से भी कम है। कुछ ऐसे भी स्कूल हैं जहाँ का रिजल्ट 30 प्रतिशत से भी कम है। सारंगढ़ ब्लॉक के 32 स्कूल में से 5 स्कूल ऐसे हैं जिनमें बच्चों का रिजल्ट 30 प्रतिशत से नीचे है जो कि बहुत ही निराशाजनक है।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने शिक्षा विभाग के सभी लोगों को कहा कि इसमें पुनर्विचार करने की आवश्यकता है, यह आज के समय में घोर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूलों में कोई माता-पिता अपने बच्चे को नहीं भेजना चाहेगा, यह संबंधित स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वह इसमें सुधार करे। जो संस्थान हमारा जीविकोपार्जन करती है वहां हम 30-40 प्रतिशत मात्र दे रहे हैं, हमें इसके लिए आत्मग्लानि होनी चाहिए। समाज के जिस वर्ग के बच्चों के लिए आप काम करते हैं, वही हमारे समाज का आईना है, भविष्य के वे नीति नियंता हैं। आखिर हम उन बच्चों को क्या दे रहे हैं। आपके स्कूल का कोई भी छात्र परीक्षा में अच्छे परिणाम लाता है, तो यह शिक्षक के लिए एक गर्व का विषय होता है। आप सभी अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाएं और एक शिक्षक का जो काम होता है शिक्षा देना, आप सिर्फ वही काम पूरी मेहनत और लगन से करें और सभी यह लक्ष्य रखें कि आपके स्कूल के बच्चों का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहे। स्कूल के सभी बच्चों को अपने बच्चे की तरह जिम्मेदारी समझें, उन बच्चों में भी कुछ बच्चे ऐसे हो सकते हैं



जिनकी पढऩे में कोई विशेष रूचि नहीं होती है लेकिन 90 प्रतिशत बच्चे ऐसे होते हैं जो पढऩा चाहते हैं, हमें उन सभी बच्चों की बेहतरी के लिए अपना काम पूरी जिम्मेदारी के साथ करना होगा। आगे उन्होंने कहा कि हम जिस समाज में रहते हैं वहाँ एक बच्चे के लिए एक बेहतर जीवनशैली के साथ आगे बढऩे का एक ही विकल्प है बेहतर शिक्षा। अगर उसको बेहतर शिक्षा नहीं मिलेगी, तो वह न सेना में जा पाएगा, न ही खेलकूद में आगे बढ़ पाएगा, न ही कला संगीत सीख पाएगा, न ही व्यापार करने लायक रहेगा, न ही कोई और किसी तरह की पढ़ाई कर पाएगा। हम सभी अपने बच्चों के लिए यह चाहते हैं कि उन्हें बेहतर शिक्षा नसीब हो, यही भाव हमें अपने उन स्कूल के बच्चों के लिए भी रखना होगा जहाँ हम शिक्षा देते हैं तब कहीं जाकर स्कूल का और इस जिले के बच्चों के परीक्षा परिणाम में सुधार होगा।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने जिले का औसत प्रतिशत जो 55 प्रतिशत के आसपास है उस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आने वाले तीन महीनों में आप अपने स्कूल का सिलेबस तय समय पर पूरा करेंगे और पढ़ाई पूरे अनुशासन के साथ करवाएंगे और इसका परिणाम आने वाले 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में दिखना चाहिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने कहा कि शिक्षा का क्षेत्र उनके लिए विशेष रूचि का क्षेत्र है और इसलिए वह स्वयं लगातार जिले की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए स्कूलों में जाकर सतत् मॉनिटरिंग करेंगी और बेहतरी के लिए जो भी अपने स्तर पर आवश्यक प्रयास होंगे उस पर कार्य करेंगी। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डे तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, सहायक संचालक रामेश्वर प्रसाद जांगड़े एवं मुकेश कुर्रे, साथ ही जिले के समस्त प्राचार्य एवं शिक्षा विभाग के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सारंगढ़ के कनकबीरा स्थित शासकीय स्कूल का किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज सारंगढ़ के कनकबीरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने क्लास में जाकर छात्रों से बात की और उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। साथ ही उक्त स्कूल के प्राचार्य से सभी विषयों के कोर्स पूरा होने की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने छात्रों को आश्वासन दिया कि जिन विषयों का पाठ्यक्रम तय समय में अगर पूरा नहीं हो पाता है, उसके लिए अवकाश के दिनों में अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जाएंगी ताकि तय समय पर पाठ्यक्रम पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि कनकबीरा स्कूल का रिजल्ट जो कि अन्य स्कूलों की तुलना में अपेक्षाकृत कमजोर रहा है उसे और अधिक बेहतर करने को कहा। उन्होंने 12वीं के छात्रों को संबोधित करते हुए कि यह समय बहुत ही कीमती समय होता है, इस उम्र में हम बहुत तेजी से सीखते हैं और जो हम सीखते हैं वह हमारे साथ जीवन भर रहता है। उन्होंने यह भी कहा बहुत से छात्र ऐसे होंगे जो ग्रामीण पृष्ठभूमि से ही होंगे, अधिकतर लोगों के अभिभावक कृषि कार्य से संबध्द होंगे, लेकिन आपको इन से आगे भी बढऩा है। अपने माता-पिता का नाम रोशन करना है। चुनौतियां रहती हैं, संसाधनों की कमी भी रहती है। लेकिन उपलब्ध संसाधनों में ही हमें अपना सर्वोत्तम देने का प्रयास करना चाहिए। छात्राओं को उन्होंने विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि लड़कियों की ताकत पढ़ाई में ही है, सिर्फ चुल्हा-चौका तक सीमित नहीं रहना है, उससे आगे भी बढऩा है। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने 12वीं कक्षा के छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उनकी कक्षा के जो भी बच्चे 90 प्रतिशत से ऊपर लाएंगे, उन्हें वे स्वयं अपनी ओर से गिफ्ट देंगी। चलते-चलते उन्होंने इस बात का भी आश्वासन दिया कि अगली बार जब वह आएंगी, तो वह खुद बच्चों को पढ़ाएंगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नक्सली मिलिशिया सदस्य ने पिड़मेल कैम्प में किया आत्मसमर्पण

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान पुनर्वास नीति के तहत नक्सल संगठन में सक्रिय मिलिशिया सदस्य माड़वी गंगा पिता माड़वी भीमा उर्फ माड़वी गनपत निवासी पटेलपारा पिड़मेल, थाना चिंतागुफा, द्वारा आज 03 दिसंबर को नवीन कैम्प पिड़मेल में तोंगपाल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तोमेश वर्मा, कंपनी कमांडर अयोध्या सिंह बनाफर एवं सउनि रामुराम नाग एवं 150 वाहिनी सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण दिया। आत्मसमर्पित नक्सली वर्ष 2016 से नक्सल संगठन से जुडक़र थाना चिंतागुफा क्षेत्र में रोड खोदना, मार्ग अवरुद्ध करना जैसे विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित रहा है। आत्मसमर्पित नक्सली को शासन के पुनर्वास योजना के तहत प्रोत्साहन राशि व अन्य सुविधा प्रदाय किया जायेगा।

### छुई खदान हादसे में 6 मृतकों का हुआ अंतिम संस्कार, पूर्व सांसद हुए शामिल

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर जिला मुख्यालय के करीब मालगांव में छुई खदान धंसने से 06 लोगों की मौत से पूरा गांव मातम में पसरा हुआ है, इस हादसे ने 15 मासूमों के सर से मां का साया छीन गया। शनिवार को गांव में एक साथ 06 मृतकों की अर्थी उठी। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे। मौके पर पुलिस के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री की तरफ से ग्रामीणों को मुआवजा के तौर पर 04-04 लाख देने की घोषणा जरूर की गई है, लेकिन इस राशि से ग्रामीण नाखुश हैं। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने सरकार से 10-10 लाख रुपए मुआवजा राशि देने की मांग की है। उन्होने कहा कि इतनी बड़ी लापरवाही और चूक कैसे हुई, इसकी जांच जरूर करवानी चाहिए।

### विहिप-बजरंग दल ने मनाया गीता जयंती, बताया गीता के महत्व और नियम

**जगदलपुर (आरएनएस)।** हिन्दू धर्म में भगवत गीता का विशेष महत्व है। यही कारण है कि अधिकांश घरों में भगवत गीता रखी जाती है। मान्यता है कि जिस घर में गीता का नियमित पाठ किया जाता है, वहां सदैव खुशहाली बनी रहती है। 03 दिसंबर को बस्तर सहित देश भर में गीता जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग ने भी तेतरकुट्टी में गीता जयंती मनाई गई। नगर के तेतरकुट्टी हिंगलाजीन मंदिर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा आयोजित गीता जयंती कार्रवाई में पूजा अर्चना के बाद गीता के महत्व को बताया गया। वक्ताओं ने बताया कि जिन घरों में भागवत गीता ग्रंथ उपस्थिति है, वहां सकारात्मक उर्जा का संचार होता है।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर बीआरसी खरसिया में हुआ विविध कार्यक्रम

**रायगढ़।** विश्व दिव्यांग दिवस पर आज बीआरसी कार्यालय खरसिया में विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया। विकासखंड खरसिया के विभिन्न शालाओं में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिए। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलकूद एवं स्पर्धा का आयोजन विकासखंड स्रोत केंद्र खरसिया में किया गया। बच्चों ने लंबी कूद, जलेबी दौड़, मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, गुलदस्ता बनाना, मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिए। इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित करने से दिव्यांग छात्र काफी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में विजयी एवं सम्मिलित सभी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।



विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक प्रदीप साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आमतौर पर दिव्यांगों को लेकर लोग दया या हीन भाव रखते हैं लोगों को लगता है कि यदि कोई व्यक्ति दिव्यांग है तो इसका मतलब है कि वह निश्चित तौर पर दूसरों पर बोझ बना रहेगा, जो सही नहीं है, थोड़े से प्रयास से दिव्यांग व्यक्ति भी सामान्य जीवन जी सकते हैं। लोगों में इसी सोच को लेकर जागरूकता फैलाने, दुनिया भर में दिव्यांगजनों के अक्षमता से जुड़े मुद्दों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने तथा उनके उचित आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए प्रयास करने के उद्देश्य से हर साल 3 दिसंबर को दुनिया भर में विश्व विकलांग दिवस या विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है।विकास खंड शिक्षा अधिकारी एलएन पटेल के द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया एवं उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि इरादे मजबूत हो तो शारीरिक अक्षमता को भी हार मानना पड़ता है, आज ऐसे लोग भी है जो अपनी दिव्यांगता को कमजोरी न मान, जिंदगी में आगे बढ़ कुछ करने की कोशिश करते है और इस कोशिश में शासन की योजनाएं भी दिव्यांग जनों की सपनों में उड़ान भरने का कार्य कर रही है। आज शासन की विभिन्न योजनाएं है, जिसके माध्यम से नि:शक्त लोगों को एक सामान्य जिंदगी जीने में सहायता के लिए सहायक उपकरण से लेकर अपने आप को आर्थिक रुप से सशक्त बनने की चाह रखने वालों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है। जिससे दिव्यांगजन आज समाज में समान और सम्मान के साथ जीवन यापन कर रहे है।

# अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों के कार्यक्रम में शामिल हुईं कलेक्टर

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने सारंगढ़ स्थित प्रांजल मानसिक दिव्यांगजन कल्याण समिति एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के द्वारा सुंदर लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई, साथ ही उनके द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की थीम पर भी नृत्य प्रस्तुत कर स्वच्छता को जीवन में प्रमुखता से अपनाने का संदेश दिया गया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को भाव विभोर कर दिया। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने कहा कि उन्हें इन बच्चों की प्रस्तुति देखकर, उनके चेहरे के जीवंत भाव देखकर उन्हें बेहद खुशी हुई है, उन्होंने कहा कि ये बच्चे ईश्वर का वरदान हैं, उनका साक्षात रूप ही हैं। उन्होंने कहा कि वे आगे भी इन बच्चों से मुलाकात करती रहेंगी एवं अपने स्तर पर जो भी इन बच्चों के लिए सहयोग होगा उस पर वह काम करना चाहेंगी। साथ ही बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खूब पढ़ें और अपने जीवन के जितने भी काम है, स्वयं करें। इससे आपको बेहद खुशी मिलेगी और आपके माता-पिता भी खुश होंगे। उक्त कार्यक्रम में सारंगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा, नायब तहसीलदार आयुष तिवारी, सहायक संचालक मुकेश कुर्रे, गोल्डी नायक, समिति के गणमान्य सदस्य, बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# एटीएम के बाहर चली गोली, मचा हड़कंप

**मुंगेली (आरएनएस)।** मुंगेली बड़ा बाजार इलाके में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम के बाहर गोली चलने से इलाके में हडक़ंप मच गया। इस हादसे में गार्ड को गोली लगी है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग और दुकानदार मौके पर पहुंच गए।



मिली जानकारी के अनुसार फायरिंग में एसबीआई ब्रांच के बगल में एक्सिस बैंक का एटीएम है, जिसमें कैश डालने के लिए सीएमएस कंपनी के कर्मचारी पहुंचे हुए थे। उनके साथ एक्सिस बैंक का गार्ड अशोक टंडन (55 वर्ष) भी वहीं पर मौजूद था। कंपनी के कर्मचारी पैसा डाल रहे थे इसी दौरान गार्ड अशोक टंडन जो कि बाहर ही खड़ा था उसके हाथों से दुर्घटनावश उसकी 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक से अचानक गोली चल गई। इस हादसे में गार्ड अशोक टंडन के हाथ में ही गोली लग गई और वह घायल हो गया। गन लॉक नहीं थी जिसकी वजह से गोली चली। गार्ड को घायल देखकर आसपास के लोग और कंपनी के कर्मचारी दौड़े और आनन-फानन में उसे मुंगेली जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई। घायल गार्ड को जिला अस्पताल से बिलासपुर सिम्स हॉस्पिटल रेफर किया गया है। उससे पूछताछ के बाद ही हादसे की असली वजह का पता चल सकेगा।

# एमपी से आरोपी को लेकर लौट रही मनेंद्रगढ़ पुलिस की गाड़ी पलटी, एक की मौत, चार पुलिस कर्मी घायल

**मनेंद्रगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की मनेंद्रगढ़ पुलिस की गाड़ी जबलपुर में सडक़ हादसे का शिकार हो गई। हादसे में वाहन चालक की मौत हो गई है वहीं अन्य पुलिस कर्मी घायल हो गए है। छत्तीसगढ़ पुलिस मध्य प्रदेश के नीमच से एक अपराधी को हिरासत में लेकर वापस आ रही थी। घटना मध्य प्रदेश के भेड़ाघाट थाना क्षेत्र की है।



मिली जानकारी के अनुसार मनेंद्रगढ़ पुलिस मध्य प्रदेश नीमच से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लेकर वापस मनेंद्रगढ़ आ रही थी इसी दौरान जबलपुर में पुलिस वाहन अचानक अनियंत्रित हो गई और पलट गई जिससे वहान चालक की मौत हो गई है। जिस हादसे में चालक के अलावा मनेंद्रगढ़ कोतवाली प्रभारी सचिन सिंह, प्रधान आरक्षक इस्तियाक खान, रक्षक प्रमोद यादव, जितेन ठाकुर एवं आरोपी घायल हुए हैं। जिनमें से एएसआई दिनेश चौहान की हालत चिंताजनक बनी हुई है। सभी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर में भर्ती किया गया है।

# मुख्यमंत्री की पहल : केवई नदी को लिंक नहर के जरिए हसिया और हसदेव नदी से जोड़ने की कवायद

- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के किसान होंगे लाभान्वित

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की बारहमासी केवई नदी को लिंक नहर के जरिए हंसिया नदी से जोडक़र हसदेव नदी में पानी लाने की कवायद जिला प्रशासन द्वारा शुरू कर दी गई है। केवई नदी में बने स्टाप डेम कम रपटा के समीप से 17.50 किलोमीटर लम्बी लिंक नहर निर्मित कर हंसिया नदी से जोडऩे के लिए सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस लिंक नहर के बन जाने से गर्मी के मौसम में मृतप्राय हो जाने वाली हंसिया नदी न सिर्फ जीवित हो उठेगी, बल्कि जलीय जीवों के संरक्षण से इको सिस्टम, भू-जल संवर्धन की स्थिति को बेहतर करने के साथ ही इससे पानी लिफ्टकर किसान सिंचाई भी कर सकेंगे।

हसदेव की सहायक नदी हंसिया नदी अपने उद्गम स्थल ग्राम घुटरा के पहाडिय़ों से निकलने के बाद लगभग 30-31 किलोमीटर प्रवाहित होने के बाद अंतत मनेन्द्रगढ़ के पास हसदेव नदी में मिल जाती है। लिंक नहर के निर्माण के बाद केवई नदी में बारहों महीना प्रवाहित जल, हंसिया नदी से होते हुए हसदेव नदी में सहजता से लाया जा सकेगा, जिससे मनेन्द्रगढ़ नगर में हसदेव नदी से पेयजल की आपूर्ति में भी आसानी होगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात एवं जिला उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में पेयजल, सिंचाई और निस्तार की सुविधा के विस्तार के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने का भरोसा दिलाया था। मुख्यमंत्री ने सदानीरा केवई नदी के जल का बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में केवई नदी को लिंक नहर के माध्यम से हसिया नदी से जोडक़र उसके जरिए हसदेव नदी में पानी लाने की पहल शुरू की गई है। कलेक्टर पी.एस. ध्रुव ने जल संसाधन, राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ कल केवई नदी में बने स्टाप डेम कम रपटा स्थल से लेकर लगभग 4 किलोमीटर पैदल भ्रमणकर प्रस्तावित लिंक नहर के लिए मौका-मुआयना किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक कर रही साइबर सेल

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के निर्देशानुसार साइबर सेल द्वारा जिले के स्कूल, कालेजों में साइबर चेतना अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पुसौर थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़े भंडार विद्यालय में साइबर सेल की टीम द्वारा विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से जागरूक किया गया।



साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल विद्यार्थियों को बताये कि साइबर ठग आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठग रहे हैं और पुलिस ऐसे ठगों को पकड़ भी रही है परन्तु साइबर ठगी को रोकने के लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। सभी को समझना होगा कि मोबाइल पर ऑनलाइन पेमेंट करते समय, सोशल प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाटसअप आदि में सावधानी व सतर्कता बरतनी बेहद जरूरी है। हमें साइबर ठगों के फेक कॉल को समझें जो कभी ATM / KYC ऑपडेट, बिजली कट जाने के नाम, लॉटरी, ईनाम, कैशबैक, मोबाइल टावर लगाने और नये-नये तरीकों से कॉल कर अपने झांसे में लेते हैं। कभी भी अंजान व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत और बैंक संबंधी जानकारी, फोटो/विडियो शेयर ना करें। साइबर सेल प्रभारी ने विद्यार्थियों को खुद जागरूक होने के साथ ही दूसरों को भी जागरूक करने कहा गया।

साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल द्वारा विद्यार्थियों को फेसबुक हैकिंग, बारकोड़ के माध्यम से होने वाले फ्राड, वाट्सएप हैकिग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी। साथ ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप इत्यादि इंटरनेट मीडिया साइट्स से छात्रों को जागरूक रहने के लिए कहा। विद्यार्थियों को सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमेट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, इंटरनेट मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी काल, अनजान वाट्सएप वीडियो काल, आनलाइन लोन देने वाले एप, इंटरनेट मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे व यूपीआइ संबंधित फ्राड के बारे में बताकर छात्रों को जागरूक किया गया और बताये की उनके जान परिचित के साथ साइबर फ्राड होने पर तत्काल नजदीकी थाने/साइबर सेल, बैंक जाकर तत्काल जानकारी दें, बैंक अकांउट होल्ड करावें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित कर पढाई में ध्यान देने कहा गया। कार्यक्रम में साइबर सेल प्रभारी एसआई कमल किशोर पटेल, थाना पुसौर के ए.एस.आई. हेम सागर पटेल, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, आरक्षक पुष्पेन्द्र जाटवर, धनंजय कश्यप, महिला आरक्षक कौशल्या पटेल उपस्थित थे।